कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा दिसंबर, 2022 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. दिनांक 25.12.2022 को सुशासन दिवस मनाना :

माननीय राज्यमंत्री (कार्मिक) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने **सुशासन दिवस** को मनाने के लिए निम्नलिखित का आरंभ किया :

(क) नवीनीकृत सत्यनिष्ठा पोर्टल
(ख) कर्मचारियों को मानव संसाधन सेवाओं की डिजिटल सुपुर्दगी के लिए ई-एच आरएमएस 2.0 पोर्टल;
(ग) सतत् क्षमता विकास के लिए आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल की मोबाइल एप्लीकेशन:
(घ) वर्ष 2014 से कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की मुख्य पहलों/उपलब्धियों को संकलित करने वाली एक ई-पुस्तिका;
(ङ) पुनः प्राप्ति (रिट्रीवल) और समझ की सुगमता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विषयों पर अनुदेशों (मुख्य परिपत्रों) का समेकन।

II. स्थापना संबंधी दिशानिर्देशों/अनुदेशों को सरल और कारगर बनाना (स्ट्रीमलाइनिंग)

i. एफआर 56(ञ) के तहत आवधिक समीक्षा द्वारा प्रशासन को मजबूत करने के संबंध में प्रावधान दिनांक 20.12.2022 के कार्यालय ज्ञापन सं. 261012/8/2022-स्थापना क-IV के माध्यम से जारी सांविधिक निकाय

ii. एलटीसी ब्लॉक वर्ष 2018-21 (विस्तारित) के 3 माह की अवधि के लिए विस्तार के संबंध में दिनांक 27.12.2022 के कार्यालय ज्ञापन सं. 31011/24/2022-स्थापना क-IV के माध्यम से अनुदेश जारी किए गए हैं।

iii. संघ लोक सेवा आयोग (सदस्य) संशोधन विनियमावली, 2022 को दिनांक 30.12.2022 की राजपत्र अधिसूचना सं. 39019/22/2022-स्था. (ख) के माध्यम से अधिसूचित किया गया [सा.का.नि. 925(ङ)]

III. चयन और नियुक्तियों का सारांश

i. माननीय राष्ट्रपति ने श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सतर्कता आयुक्त को दिनांक 25.12.2022 से लेकर नए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति तक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया है।

ii. सिविल सेवाएं परीक्षा (सीएसई)-2021 के उम्मीदवारों के सेवा आबंटन की छठी पुनरावृत्ति (आईटेरेशन) की गई जिसके द्वारा विभिन्न सेवाओं के लिए कुल 657 उम्मीदवारों का आबंटन किया गया।

iii. तमिलनाडु, झारखंड, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश और नागालैण्ड राज्यों की राज्य सिविल सेवाओं के कुल 13 अधिकारियों को पदोन्नति द्वारा आईएएस नियुक्त किया गया।

iv. दो आईएएस अधिकारियों के संबंध में संवर्ग के परिवर्तन की अधिसूचनाएं जारी की गई।

v. राज्य सिविल सेवा उड़ीसा से गैर-राज्य सिविल सेवाओं (13), त्रिपुरा (02), हरियाणा-एनएससीएस (04) एवं नागालैण्ड (02) से आईएएस नियुक्त हुए 21 अधिकारियों के वरिष्ठता वर्ष के निर्धारण/आबंटन वर्ष के आदेश जारी किए गए।

vi. केंद्रीय सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों के 6 से अनधिक पदों को भरने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया दिनांक 20.12.2022 की विज्ञापन सं. 4/5/2021-आईआर.।। के माध्यम से शुरू की गई है।

vii. भर्ती वर्ष 2013 के लिए सहायक अनुभाग अधिकारी की सीधी भर्ती की अंतिम परस्पर वरिष्ठता दिनांक 09.12.2022 के का.ज्ञा. सं. 7/1/2018-सीएस.। (ए) के माध्यम से जारी कर दी गई है।

viii. वर्ष 2013 के लिए सामान्य वरिष्ठता सूची का अंतिम हिस्सा दिनांक 01.12.2022 के का.ज्ञा. सं. 7/1/2018-सीएस.। (ए) के माध्यम से जारी कर दिया गया है।

ix. 2020 बैच के 146 सहायक अनुभाग अधिकारियों का नियुक्ति प्रस्ताव जारी किया जा चुका है और आगे उन्हें 23.01.2023 से सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान, नई दिल्ली में फाउण्डेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामांकित कर दिया गया है।

x. पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशकों के 04 (चार) पदों एवं सीएमडी/एमडी/अध्यक्ष के 04 (चार) पदों के लिए विज्ञापन जारी किए। सीएमडी के पद के लिए 02 (दो) चयन बैठकें और निदेशकों के पद हेतु 09 (नौ) चयन बैठकें आयोजित की गई।

xi. मंत्रिमण्डल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने अनुसूची क एवं ख के विभिन्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) में 18 मामलों (18 कार्यात्मक निदेशकों) में नियुक्तियों की स्वीकृति दी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न न्यायाधिकरणों/सांविधिक निकायों में अध्यक्षों/सदस्यों की पांच (05) नियुक्तियों, स्वायत्त निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यकारी की तीन (03) नियुक्तियों, पीएस की नियुक्ति के लिए एक (01) प्रस्ताव, विदेशी समनुदेशन पर नियुक्ति के पांच (05) प्रस्तावों, गैर-सीएसएस पदों पर नियुक्ति के दो (02) प्रस्तावों, सेवा विस्तार के एक (01) प्रस्ताव, पुन: तैनाती के 16 प्रस्तावों, एवं समय पूर्व प्रत्यावर्तन के एक (01) प्रस्ताव मंत्रिमण्डल सचिव/एसीसी द्वारा स्वीकृत किए गए थे।

xii. कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 30.12.2022 को वर्ष 2023-24 के लिए अपना अंतरिम परीक्षा कैलेण्डर जारी किया है और 06.12.2022 को संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2022 के लिए आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस भी प्रकाशित किया है।

xiii. माह के दौरान कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने निम्नलिखित परीक्षाएं आयोजित की हैं :

क) दिनांक 01.12.2022 से लेकर 13.12.2022 तक कम्प्यूटर आधारित मोड में संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा (टीयर-I) 2022
ख) दिनांक 14.12.2022 से लेकर 16.12.2022 तक कम्प्यूटर आधारित मोड में भारत मौसम विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक सहायक परीक्षा, 2022

इसके अलावा, माह के दौरान एसएससी द्वारा निम्नलिखित परिणाम घोषित किए गए :
क) संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा, 2020 का अंतिम परिणाम
ख) चयनित पदों का अतिरिक्त परिणाम (चरण-IX/2022)
ग) दिनांक 16.12.2022 को संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर परीक्षा (सीएचएसएलई), 2021 की टीयर।। (विवरणात्मक पेपर) परीक्षा
घ) दिनांक 20.12.2022 को संयुक्त स्नातक स्तर, 2021 (सीजीएलई) की टीयर-।।। (विवरणात्मक पेपर) परीक्षा
ङ) दिनांक 23.12.2022 को चयन पद/लद्दाख/2022 परीक्षा (मैट्रिक स्तर पद)
च) दिनांक 23.12.2022 को चयन पद/लद्दाख/2022 परीक्षा (उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर पद)
छ) दिनांक 23.12.2022 को चयन पद/लद्दाख/2022 परीक्षा (स्नातक और उससे ऊपर के स्तर पद)
ज) दिनांक 27.12.2022 को दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर और सीएपीएफ परीक्षा (पेपर-I), 2022
झ) दिनांक 28.12.2022 को दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2022 में हेड कांस्टेबल (अनुसचिवीय) की लिखित परीक्षा
ञ) दिनांक 29.12.2022 को दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2022 में कांस्टेबल (ड्राईवर)-पुरूष की लिखित परीक्षा
ट) दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2022 में कांस्टेबल (एडब्ल्यूओ/टीपीओ) की लिखित परीक्षा

IV. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

i. दिनांक 19.12.2022 से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 7-9 वर्षों की वरिष्ठता वाले आईएएस अधिकारियों के लिए मध्य-करिअर प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण-।।। का 18वां सत्र।

ii. दिनांक 30.12.2022 को सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान, डीओपीटी द्वारा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के 320 प्रतिभागियों के लिए चौदह ''प्रशासन में संपूर्ण रूप से परिवर्तन के लिए अभिवृत्ति ज्ञान और कौशल विकास'' (दक्षता) कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

iii. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित कार्यकलाप आयोजित किए है :-

(क) मंत्रिमंडल सचिव ने 1 दिसम्बर, 2022 को विज्ञान भवन में क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) द्वारा आयोजित की गई एक कार्यशाला के दौरान प्रत्येक मंत्रालय/विभाग की वार्षिक क्षमता विकास योजनाओं के सृजन विषय पर सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिवों के साथ एक कार्यशाला की अध्यक्षता की। सीबीसी द्वारा तैयार

की गई वार्षिक क्षमता विकास योजनाओं पर एक दृष्टिकोण पत्र (एप्रोच पेपर) का शुभारंभ इस अवसर पर भी किया गया। कार्यक्रम में सभी मंत्रालयों और विभागों के सचिव शामिल हुए तथा इस अवसर पर वार्षिक क्षमता विकास योजनाओं के सृजन एवं कार्यान्वयन की प्रक्रिया पर उपस्थित सचिवों को जानकारी दी गई। आयोग ने सभी 90 से अधिक मंत्रालयों/विभागों में एसीबीपी के कार्यों को बढाने की औपचारिक रूप से घोषणा की।

(ख) सीबीसी ने 'प्रख्यात वक्ता' के रूप में भारतीय दूतावास के समर्थन द्वारा 13-16 दिसम्बर, 2022 के दौरान यूएई, विदेश मंत्रालय में आयोजित भारतीय वैश्विक मंच (आईजीएफ), 'वैश्विक प्रभाव के लिए भागीदार' के यूएई संस्करण में भाग लिया।

(ग) सीबीसी की टीम ने 26 दिसम्बर, 2022 को मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा आयोजित 'अमृत काल में आत्म-निर्भर मध्य प्रदेश' पर 'चिंतन शिविर' में भाग लिया।

(घ) क्षमता विकास आयोग ने राज्य स्तर पर मिशन कर्मयोगी के कार्यान्वयन के समर्थन में मध्यप्रदेश सरकार, आईगॉट और सीबीसी के मध्य त्रिपक्षीय सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

V. कल्याण मामलें

(क) 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर, 2022 तक नेताजी नगर जिमखाना में अंतर मंत्रालय पॉवर लिफ्टिंग, भारोत्तोलन और सर्वश्रेष्ठ शरीर- गठन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न मंत्रालयों से कुल 185 सरकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

(ख) 7-9 दिसम्बर, 2022 तक विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में अंतर मंत्रालय वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न मंत्रालयों से कुल 18 टीमों ने भाग लिया।

(ग) 19 से 20 दिसम्बर, 2022 तक विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में अंतर मंत्रालय बास्केटबॉल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न मंत्रालयों से कुल 9 टीमों ने भाग लिया।

VI. सतर्कता मामलें

(क) विभिन्न उद्देश्यों अर्थात् अंतर-संवर्ग प्रतिनियुक्ति, स्थानान्तरण, परिवीक्षा इत्यादि के लिए 14 (चौदह) आईएएस अधिकारियों को सतर्कता निकासी जारी की गई।

VII. साइबर सुरक्षा

(क) दिनांक 07.12.2022 को साइबर जागरुकता दिवस मनाया गया और इस विभाग के कर्मचारियों के लिए एनआईसी द्वारा "मोबाइल उपकरणों का उपयोग करते हुए धोखाधड़ी और जालसाजी" विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया।

(ख) वर्चुअल लैन नामक पृथक तार्किक इकाईयां (लॉजिकल एंटीटीज) बना कर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा नेटवर्क को एनआईसीएनईटी में विभाजित कर दिया गया है। एनआईसी द्वारा डेटा और एंडपॉइंट्स की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए वी-लैन को प्रभाग-वार बनाया गया है।